भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *115
03 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन मे आत्मनिर्भरता

*115. श्री आज़ाद कीर्ति झा:
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में कोई रूपरेखा तैयार की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) क्या इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सहायक हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या वर्तमान में इस्पात मंत्रालय के तहत किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मे कार्यनीतिक विनिवेश/अल्प बिक्री की योजना बनाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) से (ग): विवरण लोकसभा के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता" के संबंध में श्री आज़ाद कीर्ति झा, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 03.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित (*) प्रश्न संख्या *115 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) भारत इस्पात के अधिकांश ग्रेड में आत्मनिर्भर है, देश के इस्पात उत्पादन में आयात के योगदान का प्रतिशत बहुत कम है। इस्पात उत्पादन, आयात खपत के बारें में विवरण निम्नलिखित है:-

वर्ष	**तैयार इस्पात (मिलियन टन में)**	
	उत्पादन	**खपत**
2019-20	102.62	100.17
2020-21	96.2	94.89
2021-22	113.6	105.75
2022-23	123.2	119.89
2023-24	139.15	136.29
अप्रैल-अक्टूबर, 2024-25*	82.81	85.7
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम		

(ख) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 144 मिलियन टन के कुल कच्चे इस्पात उत्पादन में से 24 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में कच्चे इस्पात के उत्पादन में 17% का योगदान देते हैं।

(ग) आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस्पात सीपीएसई और सेल की इकाइयों के रणनीतिक विनिवेश के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जो विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का नाम**	**सीसीईए अनुमोदन की तारीख**	**स्थिति**
1.	फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड	27.10.2016	शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए
2.	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	27.01.2021	लेनदेन जारी है।
3.	एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल)	27.10.2016	
4.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की इकाइयाँ		
	एलॉय स्टील प्लांट, दुर्गापुर	27.10.2016	अपर्याप्त बोलीदाताओं के कारण वर्तमान लेनदेन रद्द किया गया
	सेलम इस्पात संयंत्र, सेलम		
	विश्वेश्वरैया लौह और इस्पात संयंत्र, भद्रावती		

******S